# <u>ग्रीष्मकालीन गृहकार्य – हिंदी विषय</u>

## <u>कक्षा – 9</u>

## <u>1. पोर्टफोलियो निर्माण-</u>

शीर्षक: "मैं ,मेरी अभिरुचियाँ और कमियाँ – एक अनुशासित जीवन की ओर"

विवरण:

इस पोर्टफोलियो में कैडेट अपनी रुचियाँ जैसे खेल (फुटबॉल, शूटिंग, स्विमिंग), अनुशासन, लक्ष्य (NDA, सेना में सेवा), प्रेरणा स्रोत (स्वामी विवेकानंद, नेताजी, एपीजे अब्दुल कलाम आदि) और स्व-विकास पर केंद्रित जानकारी प्रस्तुत करेंगे। अपनी उन कमियों का उल्लेख करें जिनमे आप सुधार करना चाहते हैं।

प्रस्तुति:

व्यक्तिगत विवरण (नाम, रोल नंबर, गृह जिला)

रुचियों और प्रतिभाओं का विवरण

कैडेट जीवन के अनुभव

चित्र/फोटोज़ (यदि उपलब्ध हों)

## <u>2. परियोजना कार्य – "अलंकार"</u>

विषय: "कविता में वीर रस और अलंकार"

विवरण:

कैडेट वीर रस से संबंधित कविताओं में प्रयुक्त अलंकारों (उपमा, रूपक, अनुप्रास आदि) को पहचानें और उनका विश्लेषण करें। उदाहरण के रूप में राष्ट्रभक्ति से जुड़ी रचनाएँ लें।

प्रस्तुति:

अलंकारों की परिभाषा एवं प्रकार

वीर रस की भूमिका

उदाहरण सहित चार्ट / हस्तलिखित कार्य

## <u>3. बाढ़ग्रस्त क्षेत्र हेतु कार्य योजना</u>

शीर्षक: "सेवा ही धर्म – संकट में साथी बनें"

कैडेट दृष्टिकोण से योजना:

दल गठन: प्राथमिक उपचार, लॉजिस्टिक, संचार

बाढ़ पीड़ितों के लिए आपूर्ति सूची

राहत केंद्र की व्यवस्था

स्वयंसेवक प्रशिक्षण